# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
**बिहार लोक भवन, पटना–800022**

*संख्या–08/2026*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने वसंत पंचमी के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

**पटना 22 जनवरी, 2026** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने वसंत पंचमी के पावन अवसर पर सभी बिहारवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि ऋतुराज वसंत के आगमन से प्रकृति का कण–कण खिल उठता है। इस अवसर पर हम ज्ञान, कला और विवेक की देवी माँ सरस्वती की पूजा और आराधना करते हैं।

राज्यपाल ने कामना की है कि वसंत पंचमी लोगों के जीवन में नवोल्लास लेकर आये एवं उनमें नई चेतना और ऊर्जा का संचार हो तथा देश एवं राज्य समृद्धि के पथ पर निरंतर अग्रसर रहे।

............................................